दिन– मंगलवार दिनांक– 26 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिमंडल ने नये औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी। पैकेज के तहत बड़े निवेशकों को उद्योग स्थापना के लिए भूमि मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी।

02. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आईआईटी, पटना के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा – विद्यार्थियों को रोजगार प्रदाता बनने का प्रयास करना चाहिए।

03. भाजपा नेताओं ने महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा को संवैधानिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाला अभियान बताया। प्रियंका गांधी भी सुपौल और मधुबनी में यात्रा में शामिल हुईं।

04. और, नालंदा, गयाजी तथा जहानाबाद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अब भी हालात मुश्किल। जगह–जगह दिख रहे हैं बर्बादी के दृश्य।

---

राज्य में नये औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज–दो हजार पच्चीस को लागू कर दिया गया है। इसके तहत बड़े निवेशकों को उद्योग स्थापना के लिए भूमि मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसके तहत सौ करोड़ से अधिक निवेश करने वाली और एक हजार लोगों को रोजगार देने वाले उद्योगपतियों और निवेशकों को भूमि मुफ्त आवंटित की जाएगी। साथ ही ऋण के ब्याज में छूट और अन्य रियातें भी दी जाएंगी।

–––बाइट–––

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन उद्यमी योजना शुरू करने को भी मंजूरी दी है।

–––बाइट–––

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि एक अन्य फैसल में कैबिनेट ने किसान सलाहकारों का मानदेय तेरह हजार रुपये से बढ़ाकर इक्कीस हजार रुपये कर दिया गया है।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस बड़े निर्णय पर अपनी प्रशंसा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस पैकेज से राज्य में उद्योगों को तेज़ी से विकास करने में सहायता मिलेगी।

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान ने कहा है कि विद्यार्थियों को नौकरी करने वाले से ज्यादा नौकरी प्रदाता बनने का प्रयास करना चाहिए। श्री प्रधान ने आज आईआईटी पटना के बारहवें दीक्षांत समारोह को संबोधित हुए कहा कि मातृ भाषा में शिक्षा और इनोवेशन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

———बाइट———

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आज के बदलते वैश्विक वातावरण में भाारतीय छात्रों की भूमिका बढ़ गयी है।

———बाइट———

दीक्षांत समारोह के दौरान सात सौ इकतालीस विद्यार्थियों को मेडल और उपाधि प्रदान की गयी। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, आईआईटी, पटना के बोर्ड ऑफ गवर्नस के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रोफेसर टी. एन. सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

राज्य के विभिन्न भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार आज सीवान, सारण, बक्सर, रोहतास, पटना, जहानाबाद, अरवल, गया और नवादा समेत राज्य के तेरह जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अन्य स्थानों पर वज्रपात और तेज हवा के साथ मध्यम बारिश की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी के वजीरगंज में सबसे अधिक छिहत्त दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, अरवल, जहानाबाद और गयाजी जिले के कुछ स्थानों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान लोगों से सतर्क और सावधान रहने की सलाह दी गयी है।

---

गयाजी जिले में फल्गु और मुहाने नदी में अचानक आई बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। अधिकतर स्थानों पर बाढ़ का पानी निकल गया है, लेकिन पीछे बर्बादी के दृश्य दिख रहे हैं। बोधगया प्रखंड के बसारी पंचायत के बाढ़ प्रभावित लोगों ने अपनी व्यथा आकाशवाणी समाचार के साथ साझा की है।

———वॉक्सपॉप———

इधर, नालंदा जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में अभी भी लोगों की मुश्किले कम नहीं हुई हैं। घरों में पानी घूसा हुआ है और सड़क संपर्क भी टूट गया है। एक रिपोर्ट—

———बाइट———

जिले के एकंगरसराय, हिलसा और कराय—परसुराय प्रखंड की दर्जनों पंचायतें दो महीने के भीतर तीसरी बार लोकाईन नदी की बाढ़ से प्रभावित हुई हैं। हिलसा प्रखंड के धुरीबीघा और एकंगरसराय प्रखंड के लालाबीघा गांव के पास लोकईन नदी का पूर्वी तटबंध टूट गया है। वहीं, पश्चिमी तटबंध धुरीबीघा गांव के समीप करीब सौ फीट तक क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके कारण मिर्जापुर, कोरावा और चिकसौरा पंचायत के दर्जनों गांव में बाढ़ का संकट उत्पन्न हो गया है। हालांकि आज सभी स्थानों पर पानी निकल रहा है। इधर, प्रशासन की ओर से किये गए राहत के इंतजाम नाकाफी साबित हुए हैं, जिसे लेकर लोगों में नाराजगी है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

---

निर्वाचन आयोग ने बताया है कि बिहार से निन्यानवे दशमलव एक—एक प्रतिशत मतदाताओं से दस्तावेज प्राप्त हो गए हैं, जबकि विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत दावों, आपत्तियों और दस्तावेज जमा कराने के लिए अभी सात दिन बाकी हैं। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

निर्वाचन आयोग के अनुसार दस्तावेजों की दैनिक संग्रह दर एक दशमलव छह—चार प्रतिशत है।पूरे बिहार में 243 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और दो हजार 976 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों द्वारा दस्तावेज़ों का सत्यापन एक साथ किया जा रहा है। मसौदा मतदाता सूची में सूचीबद्ध सात करोड़ 24 लाख मतदाताओं में से अब तक शून्य दशमलव एक—छह प्रतिशत दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। आयोग ने पुष्टि की है कि बिहार में एसआईआर प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। पात्रता दस्तावेजों के सत्यापन सहित दावों और आपत्तियों पर सभी निर्णय 25 सितंबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। समाचार कक्ष से आनंद पाठक।

---

चुनाव आयोग ने ताजा बुलेटिन जारी कर कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत भाकपा माले के अलावा किसी राजनीतिक दल ने एक भी दावा–आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। भाकपा माले की ओर से दस दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक **एक लाख बासठ हजार चार सौ तिरेपन** निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से **सत्रह हजार पांच सौ सोलह** मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के **चार लाख तैंतीस हजार** से अधिक नये मतदाताओं ने सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है। दावा–आपत्ति की अंतिम तिथि एक सितम्बर है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा।

---

महागठबंधन दलों की वोटर अधिकार यात्रा मधुबनी पहुंच गयी है। कार्यक्रम के अनुसार सकरी में राहुल गांधी और महागठबंधन के अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित किया। इससे पहले सुपौल में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद प्रियंका गाांधी भी यात्रा से जुड़ गयीं। प्रियंका गांधी ने सुपौल में महिलाओं के साथ संवाद किया। वहीं, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सहित महागठबंधन के कई नेता यात्रा में भाग ले रहे हैं।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने वोटर अधिकार यात्रा को जनतंत्र के साथ धोखा बताया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव देश की संवैधानिक व्यवस्था को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन के नेता वोटर अधिकार यात्रा के नाम पर वोट जुगाड़ यात्रा कर रहे हैं।

---

हरतालिका तीज का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष भाद्रपद माह के शुक्लपक्ष तृतीया को यह पर्व मनाया जाता है। इस दौरान महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु और सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए उपवास और पूजा–अर्चना करती हैं।

---

सूचना और जनसंपर्क मंत्री सह खगड़िया जिले के प्रभारी मंत्री महेश्वर हजारी ने जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर अघोरी स्थान मंदिर के सीढ़ी घाट का निर्माण कराने का आग्रह किया है।

---

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना इकाई की ओर से समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर में विकसित भारत का अमृत काल– सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के ग्यारह साल विषय पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

---

पटना जिले के बिहटा और मनेर थाना क्षेत्र में कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे महाकाल गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्य मंत्रिमंडल ने नये औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी। पैकेज के तहत बड़े निवेशकों को उद्योग स्थापना के लिए भूमि मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी।

02. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आईआईटी, पटना के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा – विद्यार्थियों को रोजगार प्रदाता बनने का प्रयास करना चाहिए।

03. भाजपा नेताओं ने महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा को संवैधानिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाला अभियान बताया। प्रियंका गांधी भी सुपौल और मधुबनी में यात्रा में शामिल हुईं।

04. और, नालंदा, गयाजी तथा जहानाबाद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अब भी हालात मुश्किल। जगह–जगह दिख रहे हैं बर्बादी के दृश्य।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।